आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 09.03.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 5 मार्च से 9 मार्च 2019 तक राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान कई प्रकार के संरक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे 05 मार्च को संरक्षा शपथ, संरक्षा प्रर्दशन, संरक्षा क्यूज प्रतियोगिता और **अग्निशमन** से संबधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कारखाना के सभी शॉप में किया गया। 08 मार्च को प्रशासनिक भवन मे मुख्य सभागार में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे सुनीत शर्मा महाप्रबंधक के द्वारा आरेडिका के प्रथम संरक्षा बुलेटीन का विमोचन किया।

इस कार्यक्रम दौरना श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यस्थल पर संरक्षा एवं कर्मचारियों कि संरक्षा सर्वोपरि है। हमेशा सर्तक कर्मचारी दुर्घटना मुक्त वातावरण बनाता है। उन्होंने पर्यवेक्षकों का अवहान किया कि वे कार्यस्थल पर संरक्षा का विशेष ध्यान रखें और संरक्षा मुक्त कार्यशैली को अपनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाऐं न सिर्फ वित्तिय नुकसान पहुँचाती हैं बल्कि इससे प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को कई बार स्थाई रुप से अपंग कर देती है जो कि बहुत हीं दुखद होता है । अतः कार्यस्थल पर संरक्षा का विशेष ध्यान रखना अनिवार्य है।

इस राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह मे आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री अनूप कुमार प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता के द्वारा 9 मार्च को पुरस्कृत किया गया।

9/3/19

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी